14 रिमझिम (हिन्दी)
सबसे अच्छा पेड़

Grade - 3

Classnotes

प्रश्नों को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए |

1. **किसके पत्ते पर दोनों भाइयों ने खाना परोसा ?**

   a. **केले के पत्ते पर**
   b. आम के पत्ते पर
   c. नीम के पत्ते पर
   d. नारियल के पत्ते पर

2. **बड़े भाई के अनुसार कच्चे आम से क्या बना सकते हैं ?**

   a. मुरब्बा
   b. मिठाई
   c. **अचार**
   d. रस

उपयुक्त शब्द का प्रयोग कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए |

1. **केले के पत्तों के साए में उन पर पानी नहीं गिरा |** (उत्तर: केले)
2. **दूसरे भाई ने केले के पेड़ को अपना घर बनाया |** (उत्तर: केले)
3. **कच्चे आम से अचार बनाया जाता है |** (उत्तर: अचार)
4. **रबड़ के पेड़ से निकले दूध से रबड़ बनता है |** (उत्तर: दूध)

सही वाक्य के आगे सही (✔) और गलत वाक्य के आगे गलत (✖) का चिह्न लगाइए |

1. **केले के पत्ते की छांव में दोनों भाइयों पर बारिश का पानी गिरा |** ✖
2. **नारियल के पेड़ की छोटी – सी छांव थी |** ✓
3. **आम बाद में खाने के लिए सुखाकर रखे जा सकते हैं |** ✓
4. **लोग बीमार हो तो केले के पत्तियाँ दरवाज़े पर लटका देते हैं |** ✖

किसने, किससे और क्यों कहा ?

1. **" मैं नारियल की गरी खा सकता हूँ |"**

   तीसरे भाई ने स्वयं से कहा

2. **" केले के पेड़ से अच्छा क्या होगा , बढ़िया केले खाने को मिलेंगे|"**

   दूसरे भाई ने तीसरे भाई से कहा

3. **" आम कच्चे होंगें , तो अचार बनाएँगे |**

   बड़े भाई ने अपने दोनों छोटे भाइयों से कहा

4. **" नारियल के पेड़ की ही सोचो|"**

14 - सबसे अच्छा पेड़

तीसरे भाई ने स्वयं से कहा

वाक्य को पढ़कर एक शब्द में उत्तर लिखिए |

1. **तीसरे भाई ने किसका ठंडा पानी पीया ?** नारियल का
2. **तीनों भाई किस की तलाश में निकल पड़े ?** नए घरों
3. **नारियल की क्या खा सकते हैं ?** गरी
4. **डोरियों से क्या बना सकते हैं ?** चटाइयाँ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कम से कम शब्दों में लिखिए |

1. **पाठ के आधार पर ज़रा सोचकर बताइए -**

   घर की तलाश पर निकलने से पहले वे कहाँ रहते होंगे ?

   घर की तलाश में निकलने से पहले वह गुफाओं में या खानाबदोशों की तरह कहीं भी रह जाते होंगे ।

2. **दूसरे भाई ने कहाँ रहने का फैसला किया ?**

   दूसरे भाई ने केले के पेड़ के नीचे रहने का फैसला किया |

3. **तीसरे भाई ने किस पेड़ के नीचे अपनी कुटिया बनाई ?**

   तीसरे भाई ने नारियल के पेड़ के नीचे अपनी कुटिया बनाई |

4. **कौन-से फल हर मौसम में मिलते हैं ?**

   केला, मौसमी और पपीता हर मौसम में मिलते हैं।

5. **किस फल में मीठा जल और गरी होती है ?**

   नारियल में मीठा जल और गरी होती है |

6. **तीनों भाई कहाँ आराम करने लगे ?**

   तीनों भाई आम के पेड़ के नीचे आराम करने लगे |

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में लिखिए |

1. **पाठ के आधार पर ज़रा सोचकर बताइए -**

   आपको कैसे पता चला गर्मी के मौसम में आम की चर्चा की गई है ?

   इस मौसम में आम की चर्चा की गई है जो कि गर्मी के मौसम का फल है। अतः हमने अंदाज़ा लगा लिया कि यह गर्मी का मौसम है।

2. **आपको अगर पेड़ लगाना हो तो आप कौन-सा पेड़ लगाएंगी?**

14 - सबसे अच्छा पेड़

आप वही पेड़ क्यों लगाना चाहेंगी ?

मैं अपने बगीचे में .... का पेड़ लगाऊँगी क्योंकि

मैं अपने बगीचे में आम का पेड़ लगाऊँगी क्योंकि इसके फल , पत्तों , छाल तथा लकड़ी का विभिन्न रूपों में प्रयोग किया जा सकता है।

3. **किन फलों को छिलके के साथ नहीं खा सकते ?**

   नारियल , अनार , संतरा , मौसमी , केला , पपीता , आम , तरबूज़ , खरबूज़ा इत्यादि फलों को छिलके के साथ नहीं खा सकते हैं।।

4. **पाठ के आधार पर ज़रा सोचकर बताइए -**

   यह कौन-सा महीना होगा ?

   यह लगभग जुलाई का महीना होगा क्योंकि उस समय बारिश भी थी और गर्मी भी।

5. **रबड़ के पेड़ की छाल पर चीरा लगाने से दूधिया रस निकलता है। पता कीजिए किन पेड़ों या पौधों के पत्ते को तोड़ने पर दूधिया रस निकलता है। अब पत्तों को सुखाकर चिपकाइए।**

   (क) जिनसे दूधिया रस निकलता हो ।

   (ख) जो चिकनी होती हों ।

   (ग) जिन पत्तियों की नसें उभरी हुई होती हैं ।

   (क) पीपल की टहनियों को काटने पर दूध जैसा निकलता है।

   (ख) केला, मनीप्लान्ट

   (ग) पान, पीपल

6. **हम दाँतों को मंजन से माँजते हैं। इसीलिए मंजन को मंजन कहते हैं। अब सोचिए और लिखिए कि ये नाम क्यों हैं ?**

   दातुन .... , छलनी .... , मथनी ....

   दातुन – इससे दाँत साफ़ होते हैं इसलिए इसका नाम दातुन है।

   छलनी – इससे चीज़ें छानी जाती हैं। इसमें छेद होते हैं इसलिए इसे छलनी कहते हैं।

   मथनी – इससे दूध दही मथा जाता है इसलिए इसका नाम मथनी है।

7. **नीम के पेड़ से हमें क्या–क्या लाभ हैं ?**

   नीम के पेड़ से हमें कई फायदे हैं : -

   नीम के पेड़ की दातुन बड़ी अच्छी रहती है|
   अगर किसी के घर में कोई बीमार हो तो नीम की टहनियाँ लटका देते हैं|
   नीम का पेड़ ठंडी छांह देता है|

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |

1. **दूसरे भाई को केले का पेड़ क्यों अच्छा लगा ?**

   दूसरे भाई को केले का पेड़ इसलिए अच्छा लगा क्योंकि केले के पत्ते के साए में उस पर बारिश का पानी नहीं बरसेगा|वह कच्चे केलों की सब्ज़ी बनाकर खा सकता है| कुछ केले वो बाज़ार जाकर बेच भी सकता है और साथ ही वह उन पैसों से चावल भी खरीद सकता है|केले के पत्तों को काटकर उन पर खाना भी परोसा जा सकता है|

2. **इन मौकों पर आप किस पेड़ के पत्ते का इस्तेमाल करेंगी –**

14 - सबसे अच्छा पेड़

- **मेहमान को खाना खिलाने के लिए**
- **बारिश में भीगते समय छाते की तरह**
- **सीटी बजाने के लिए**
- **रंग बनाने के लिए**
- **गर्मी से परेशान होकर पंखा करने के लिए**

• मेहमान को खाना खिलाने के लिए	केले के पत्ते का
• बारिश में भीगते समय छाते की तरह	केले और पाम के पत्ते का
• सीटी बजाने के लिए	आम के पत्ते का
• रंग बनाने के लिए	टेसू के फूल का
• गर्मी से परेशान होकर पंखा करने के लिए	नारियल के पत्ते का

3. नारियल का पेड़ और रबड़ का पेड़ किस तरह हमारे लिए उपयोगी है ?

नारियल के पेड़ के कई लाभ हैं , जैसे : - गर्मी के मौसम में नारियल का ठंडा पानी हमें ठंडक देता है |नारियल की जटाओं को काटकर मोटी डोरियाँ बना सकते हैं , और उन मोटी डोरियों से मजबूत चटाइयाँ बनती हैं , और उन चटाइयों को बेचकर पैसा कमाया जा सकता है |

रबड़ के पेड़ के भी कई फायदे हैं , जैसे : - रबड़ के पेड़ से निकले दूध को पकाकर हम रबड़ बना सकते हैं , और उस रबड़ से लोग गुब्बारे , टायर और कई चीज़ें बनाते हैं |